दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 80 मुरादाबाद 15 July 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## जनता दर्शन 100 फरियादियों से मिले सीएम योगी आदित्यनाथ,सुनीं समस्याएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी फरियादी सुनने के लिए गुरुवार की सुबह गोरखपुर जनपद समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों 1000 से अधिक फरियादी पहुंचे। हालांकि अपनी व्यस्तताओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिन्दू सेवाश्रम में 100 के करीब लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उनके निर्देश पर प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों संग सीएम कैंप कार्यालय के प्रभारी मोतीलाल सिंह ने समस्याएं सुनीं। सीएम योगी आदित्यनाथ 7.45 बजे जनता दर्शन में हिन्दू सेवाश्रम पहुंचे। यहां एक-एक कुर्सियों पर बैठे फरियादियों के पास गए। उन्होंने उनके लिखित आवेदन लिए। आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा। आवेदन लेते समय संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी देते दिखे। यह सिलसिला तकरीबन 8.40 तक चला। जनता दर्शन में आई कई



महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी आए थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें अपना स्नेह दिए। चाकलेट भी उपहार स्वरूप प्रदान किया। जनता दर्शन में मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीएम कृष्णा करुणेश एसएसपी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम के निर्देश पर यात्री भवन और हिन्दू सेवाश्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने 900 के करीब फरियादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनी।

### गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन कर गोशाला में की सेवा

जनता दर्शन के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतारी गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन किया। उसके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंच गो सेवा की। गायों को चना गुड़ खिलाया। उसके बाद भ्रमण करते अपने श्वान कालू एवं गुल्लू के पास पहुंचे। उन्हें भी स्नेह दिया।

## असदुद्दीन ओवैसी ने किया ऐलान, 'बच्चे दो ही अच्छे' के कानून का नहीं करूंगा समर्थन



देश में बढ़ती आबादी को लेकर इन दिनों बहस चल रही है और एक वर्ग की ओर से इस पर नियंत्रण के लिए कानून बनाए जाने की मांग की जा रही है। इस बीच एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि वह ऐसे किसी कानून के समर्थन नहीं करेंगे, जिसमें दो बच्चे पैदा करने की सीमा तय कर दी जाए। ओवैसी ने एएनआई से बातचीत में कहा, हमें चीन की गलती नहीं दोहरानी चाहिए। मैं ऐसे किसी कानून का समर्थन नहीं करूंगा, जिसमें दो बच्चों की नीति बनाने की बात हो। इससे देश को कोई फायदा नहीं होगा। इससे पहले ओवैसी ने कहा था कि जनसंख्या में इजाफे के लिए मुस्लिमों को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। उनका कहना था कि मुस्लिम समुदाय गर्भ निरोधक का इस्तेमाल करने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान के जवाब में यह बात कही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि किसी एक वर्ग की जनसंख्या ज्यादा बढ़ने से अराजकता फैल जाएगी और जनसंख्या का असंतुलन नहीं होना चाहिए। ओवैसी ने उन्हें जवाब देते हुए कहा था, %उनके अपने हेल्थ मिनिस्टर का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए किसी कानून की जरूरत नहीं है। मुस्लिम ही गर्भ निरोधक उपायों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं।

### ओवैसी बोले- क्या मुस्लिम भारत के निवासी नहीं हैं?

मुस्लिमों की आबादी तेजी से बढ़ने के सवाल पर ओवैसी ने कहा था, %क्या मुस्लिम भारत के रहने वाले नहीं हैं? यदि हम सच्चाई देखें तो यहां के मूल निवासी को आदिवासी और द्रविड़ ही हैं। यूपी में बिना किसी कानून के ही फर्टिलिटी रेट में कमी 2026-30 के बीच देखने को मिल सकती है।% ओवैसी ने गुरुवार को कहा कि भारत की फर्टिलिटी रेट लगातार कम हो रही है। 2030 तक इसमें स्थिरता देखने को मिलेगी। हमें चीन की गलती यहां नहीं दोहरानी चाहिए। हालिया चर्चा योगी आदित्यनाथ के बयान से शुरू हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक ही वर्ग की आबादी ज्यादा तेजी से बढ़ने पर अराजकता फैल जाएगी।

### आबादी को लेकर असम, आंध्र जैसे राज्यों में यह कानून

बता दें कि आबादी नियंत्रित करने को लेकर बहस लंबी है। यहां तक कि असम, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तराखंड, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में नियम लागू है कि यदि किसी के दो से अधिक बच्चे हैं तो वह स्थानीय निकाय चुनावों में नहीं उतर सकता। भाजपा नेता गिरिराज सिंह भी जनसंख्या को लेकर कानून बनाए जाने की मांग करते रहे हैं। हालांकि भारत सरकार की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## सपा विधायक शिवपाल यादव अपनी पार्टी प्रसपा को निकाय चुनाव में उतारेंगे

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल यादव ने कहा कि वह पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष की उपेक्षा के कारण वह जल्द ही पूरे प्रदेश में अपनी प्रगतिशील समाज पार्टी के संगठन को सक्रिय करेंगे और उत्तर प्रदेश में होने वाले महापौर एवं नगर निकायों के चुनाव में मैदान में उतारेंगे। शिवपाल यादव बुधवार को शास्त्रीनगर में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चक्रपाणि यादव के आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। शिवपाल यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उसे मनाने के लिए घर पर आए थे तथा साथ ही चुनाव लड़ने एवं भविष्य में सम्मान देने की बात कहकर राजी किया था। उन्होंने कहा कि वे अखिलेश यादव की बात में आकर समाजवादी पार्टी



के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन उन्हें अफसोस है कि अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव में उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं सौंपी। पार्टी के किसी बैठकों में नहीं बुलाया जा रहा है। शिवपाल यादव ने नवंबर में होने वाले उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी से अलग प्रत्याशी उतारने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के संगठन को दोबारा खड़ा करेंगे और चुनाव की तैयारी में जुटेंगे। समाजवादी पार्टी के विधायक होने के बावजूद पार्टी से अलग जाकर एनडीए कि राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने पर उन्होंने कहा कि विपक्ष और उनकी पार्टी ने उनसे कभी राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए वोट नहीं मांगा ना ही उन्हें मीटिंग में बुलाया गया। एनडीए ने उन्हें भोज पर बुलाया और वोट मांगा तो उन्होंने समर्थन देने की हामी भर दी।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## फर्रुखाबाद राजेपुर गृह कलेश के चलते विवाहिता ने फांसी लटका कर दे दी जान, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गांधी में ग्रह कलेश के चलते विवाहिता ने फांसी लटका कर जान दे मायके पक्ष ने सास व ननद साहित् तीन लोगों पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम पुलिस बल के साथ अमृतपुर छ्ह रविंद्र राय मौके पर पहुंचकर प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गांधी में निवासी रुचि पत्नी सर्वेंद्र सिंह की बुधवार रात्रि घरेलू विवाद के चलते कमरे की छत कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सो कर उठे परिजनों ने जब देखा कि रुचि फांसी के फंदे पर झूल रही थी आनन फानन को नीचे उतारा तखत पर लिटाया ससुराल पक्ष ने इसकी सूचना मायके पक्ष को को दी मृतक के पिता हरि ओम निवासी गांव कुड़ी थाना पचदेवरा जनपद हरदोई से राजेपुर थाना क्षेत्र गांव गांधी



पहुंचे. हरिओम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया मैंने अपनी पुत्री रुचि का विवाह 12 वर्ष पूर्व राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव गांधी निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र सर्वेंद्र के साथ की थी मुन्ना सिंह पुत्री भोले पिछले 5 वर्ष से अपने मायके गांधी में ही रह रही थी आए दिन हमारी पुत्री से गाली गलौज व मारपीट करती थी वही बीती रात को भोले इनकी बहन बिट्टू देवी तथा इनकी माता ने हमारी पुत्री रुचि को मार डाला को मौके पर पहुंचे अमृतपुर क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे राजेपुर थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने कहा की जांच पड़ताल की जा रही है मृत्यु के कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट की जाएगी इसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## सहकारिता विभाग की साधन सहकारी समितियों के सचिवों के लिए अब जमा करना होगा विद्युत बिल

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश सरकार ने सहकारिता विभाग पैक्स समिति सचिवों के लिए सरकार द्वारा निर्णय लिया गया की साधन सहकारी समिति के सचिव गांव गांव जाकर विद्युत बिल भी जमा करेंगे जिससे विद्युत विभाग का बिल सचिव द्वारा घर-घर जाकर जमा किया जाएगा जोकि सचिवों के लिए जिला सहकारी बैंक के द्वारा बिजली बिल जमा करने की मशीन दी जा रही है और विद्युत विभाग में पंजीकरण किया जा रहा है इससे सहकारिता विभाग के लिए यह एक अनोखी पहल होगी जिसके लिए सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता बदायूं श्री अभिषेक कुमार मिश्रा द्वारा एक बैठक बुलाई गई जिस में सभी जिले के सचिवों ने बैठक में आ कर भाग लिया और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता ने विद्युत विभाग की योजना के बारे में बताएं कि समिति के द्वारा बिल जमा करने पर समिति के लिए के लाभ मिलेगा और सचिवों को निर्देश दिए की तत्काल जाकर विद्युत विभाग का रजिस्ट्रेशन कराएं जो जिला सहकारी बैंक बदायूं पर प्रवेश पटेल कर रहे हैं

## कावड़ियों के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों पर कावड़ियों के लिए किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए जिला प्रशासन ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है 9151048625 जिस पर कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी अगर होती है तो वह इस नंबर को मोबाइल से डायल कर अपनी समस्या को बता सकता है जिसके लिए हर संभव जिला प्रशासन तैयार है जो की जगह जगह डॉक्टरों की टीम एंबुलस तैयार है जगह-जगह खाने के लिए भंडारे चलाए जा रहे हैं इस पर भी प्रशासन पैनी नजर बनाए हुए हैं प्रशासन का कहना है कि किसी भी कांवरिया के लिए खाने ब पानी की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी जोकि कछला गंगा घाट पर रोशनी से लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है

गंगा घाट पर सफाई कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है गंगा में गहराई की नाप समय-समय पर की जा रही है जिससे कोई किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो वहीं पर गंगा में नाव पर प्रशासन बैठकर गहराई में ना जाने की कांवरियों से अपील भी कर रहा है और गोताखोरों भी बैठे हुए हैं इसी को देखते हुए रूट डायवर्जन का नक्शा प्रशासन ने पहले ही तैयार कर लिया था और बहनों का रूट डायवर्जन कर दिया गया है

## आराध्या हॉस्पिटल में मरीज की मौत पर जमकर हंगामा हुआ मौके पर पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- धनीपुर जीटी रोड नाले से आगे आराध्या हॉस्पिटल में 22 साल के एक व्यक्ति की अस्पताल की लापरवाही के कारण मौत हो गई परिजनों ने जमकर हंगामा किया डॉक्टरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की सूचना पाकर भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह पहुंचे स्थिति का पूरा जायजा लिया पीड़ित परिवार से भी मिले मृतक के परिवारों ने बताया कि मरीज की मौत डॉक्टरों की लापरवाही से हुई है इस हॉस्पिटल में एक भी डॉक्टर डिग्री वाला नहीं है सब हाई स्कूल इंटर पास है इसके संचालक भी हाई स्कूल इंटर पास है हॉस्पिटल में आज तक कोई डिग्री वाला डॉक्टर उपलब्ध नहीं हुआ है परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस आराध्या हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर अनपढ़ हैं कोई डिग्री नहीं है यही ऑपरेशन करते हैं यही दवाइयां देते हैं लापरवाही में मौतें होती हैं डॉक्टरी की जानकारी किसी को नहीं है इसीलिए मौतें होती है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर उन्होंने स्थिति का जायजा लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया मौके पर पुलिस पहुंच गई उसने पूरी छानबीन की पूरी तरह से जांच में जुट



गई मृतक के परिवारों ने हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई जमकर नारेबाजी की इस रोड पर बहुत सारे हॉस्पिटल बिना डिग्री के चल रहे हैं जो मरीजों की खुलेआम जान ले रहे हैं धनीपुर जीटी रोड पर जितने भी हॉस्पिटल खुले रहे हैं उनको बंद कर आएगा तभी मौत रुकना संभव है

## बी एस एन एल ने शहर ब गांव में जगह-जगह लगाए सिम बेचने के कैंप

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


बदायूँ- दूरसंचार विभाग ने गांव गांव ब शहर शहर जाकर जगह जगह सिम बेचने के कैंप लगाने शुरू कर दिए हैं जिसमें अब ?50 रुपए की सिम लेने पर 1GB डाटा प्रतिदिन दिया जा रहा है बीएसएनएल अब ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अपने नए ग्राहक बनाने के लिए गांव गांव जाकर सिम बेचने के कैंप लगा रहा है जिसके लिए बी एस एन एल के कर्मचारी गांव के लोगों को समझा कर सिम के बारे में बताते हैं तो लोगों की समझ में आने पर वह सिम लेते जिस पर ग्रामीणों का कहना है की

इस सिम पर कम खर्चा है जो की यह सरकारी सिम है और अगर अब तो इस पर नेट भी चलता है जो पहले नहीं चलता था बीएसएनएल के कर्मचारियों का कहना है की आने वाले समय में बीएसएल की नए टावर लगने जा रहे हैं जो सिंगल की समस्या का समाधान करेंगे

## जोहरा बी के आतंक से दुखी होकर पीड़ित महिलाओं ने लगाई मुख्यमंत्री से मदद की गुहार

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-जोहरा बी के आतंक से दुखी होकर पीड़ित महिलाओं ने लगाई मुख्यमंत्री से मदद की गुहार मामला थाना किला मोहल्ला छीपीटोला काला इमामबाड़ा बरेली का है जहां एक महिला उसके बेटे अपने मोहल्ले के अंदर अपने आतंक से लोगों का जीना हराम कर रखा है शिया वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को अपना अधिकार कर अवैध कब्जा कर रखा इस महिला के आतंक ने एक परिवार को यतीम कर दिया इसका पुत्र जो वकील बताता है



और ऋ पर अपना रुबाब दिखाता है जिसने धोखे से हिंदू महिलाओं के साथ की छल कपट कर रखा है इसके विरुद्ध न्यायालय में कई अपराधिक मुकदमे चल रहे इससे का नाटक तंग आकर समस्त मोहल्ले के क्षेत्र वासियों ने इसके विरोध थाना किला में लिखित में शिकायत दर्ज कराई है महिलाओं ने दुखी होकर मुख्यमंत्री से लगाई मदद की गुहार

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ई-वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही को पोर्टल पर सही आंकड़ों के साथ अपलोड करते रहें, इसकी प्रदेश एवं केन्द सरकार स्तर पर निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें यह पता होना चाहिए हमारी कमजोरी के कौन-कौन से बिन्दु हैं। आम जन मानस की आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु हमें लगातार कार्य करना है। पहले नगर निगम में और वर्तमान के नगर निगम में काफी बडा अन्तर हो गया है, 50 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में सीवर लाइन पड गयी है और पहले से अधिक व्यवस्थाओं में भी सुधार हुआ है, हमें इसे निरन्तर और बेहतर बनाने की जरुरत है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण का शतप्रतिशत का लक्ष्य पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि हमें यह भी देखना है कि जो वृक्षारोपण किया है वह सुरक्षित रहें। उन्होंने डब्ल्यू डब्ल्यू एफ एवं परिवर्तन द चेन्ज संस्था को रामगंगा पर किए जा रहे कार्य को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने 15 अगस्त के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु सभी व्यवस्थायें समय से दुरस्त कर लें कि अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खुदवा लें तथा पानी की व्यवस्था कर लें। नगर निगम ने बताया कि 7 सरोवर चिन्हित किए गये हैं, जिनमें से 5 पर कार्य चल रहा है, दिसम्बर 2022 तक प्रोजेक्ट पूर्ण हो जायेगा। परियोजना निदेशक ने बताया कि 20 तालाबों का चिन्हाकंन कर लिया है, जिस पर कच्चा कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मेडिकल वेस्ड के सही निस्तारण हेतु प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वायो मेडिकल वेस्ड का सही तरह से डिस्पोजल किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करते रहें। नगर पालिका, नगर पंचायत में ई-वेस्ट के डिस्पोजल हेतु आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। अधिशासी अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ड में कमी हो रही है। परिवहन विभाग ने बताया कि 1 लाख 25 हजार के व्हीकल प्रदूषण के चालान काटे गये हैं। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग से वाहन प्रदूषण प्रवर्तन के संबंध में फीडबैक लेते हुए टैऊफिक पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में रामगंगा पर किए गये कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी और सुझाव दिए गये कि किस प्रकार से रामगंगा नदी को और बेहतर निर्मल एवं स्वच्छ बनाया जा सकता है। बैठक में नमामि गंगे के अर्न्तगत कार्यो की प्रगति समीक्षा की गयी तथा जिला सीमा के भीतर रामगंगा नदी में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की निगरानी करते हुए रामगंगा नदी में प्रदूषण की रोकथाम हेतु माइक्रो प्लानिंग कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये। जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में प्राकृतिक /जैविक खेती को बढावा देने सहित जैव विविधता का संरक्षण, वन रोपण, नदी घाट पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के अतिरिक्त घाटों के रख-रखाव तथा जनपद के जिन-जिन ग्रामों से रामगंगा नदी गुजरती है वहां पर गंगा आरती आयोजन हेतु गंगा चबूतरा बनाये जाने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में घाटों पर स्वच्छता पखबाडा, वनीकरण अभियान तथा कैच द रेन अभियान आदि गतिविधियों पर भी चर्चा की गयी तथा आवश्यक निर्देशों के साथ-साथ अधिकारियों द्वारा मानसून अवधि के दौरान जल संरक्षण पर फोकस कर पर्यावरणीय सुधार पर बल दिया गया। बैठक में डीएफओ सूरज, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सिंचाई, बाढखण्ड, जलनिगम, सहित स्वास्थ्य, मत्स्य, पशुपालन, प्रदूषण नियंत्रण विभाग सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत सहित एवं विभिन्न एनजीओ के सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बिलारी में हाईस्कूल की मेधावी छात्रा को किया सम्मानित



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कायस्थ समाज व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि चौधरी ऋषि पाल सिंह ने हाईस्कूल की मेधावी छात्रा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भारी तादात में कायस्थ समाज के लोग भी मौजूद रहे। गुरुवार को कायस्थ समाज के अनेकों पदाधिकारी व भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ऋषि पाल सिंह ने संयुक्त रूप से बिलारी निवासी मेधावी छात्रा अंशिका सक्सेना पुत्री स्वर्गीय विपिन सक्सेना को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया. उसने इस बार हाईस्कूल की परीक्षा में क्षेत्र का नाम रोशन किया और गणित में शत प्रतिशत अंक भी प्राप्त किए। इस मौके पर कायस्थ महासभा के मंडल अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, नागरिक एकता मंच के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना के अलावा नगर अध्यक्ष परमानंद सक्सेना,युवा नगर अध्यक्ष संजीव कुमार सक्सेना, तहसील अध्यक्ष रचित माथुर, विनोद सक्सेना, सौरभ सक्सेना ,गौरव सक्सेना, सभासद दीपक यादव, प्रदीप वर्मा, विकास सक्सेना, बिट्टू, रघुनाथ शरण सक्सेना, विनायक सक्सेना,राधिका सक्सेना, शिमला सक्सेना आदि रहे।

# बिलारी में सीएचसी पर सीएचओ को दिया गया प्रशिक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर को आईएचआईपी पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को दिए गए प्रशिक्षण में डॉ राजेश उपाध्याय ने आईएचआईपी पोर्टल के माध्यम से क्षेत्र में होने वाले बुखार ,डेंगू ,चिकनगुनिया ,सांप के काटने, दिमागी बुखार, फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए व उनको पोर्टल पर अपलोड करने की जानकारी दी। इसको लेकर सभी सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया। कहा कि सभी सीएचओ अपने-अपने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से यह रिपोर्ट कंप्यूटर के द्वारा अपलोड कर सकेंगे। प्रशिक्षण में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं बीसीपीएम के अलावा डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर सुनील कुमार व सीएचओ प्रशिक्षण में मौजूद रहे

# कांवड मेला यात्रा के दृष्टिगत कलेक्टेऊट से कंट्रोल रुम स्थापित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने श्रावण मास /कावंड मेला यात्रा के अवसर पर जनपद मुरादाबाद मे शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आस्थायी रुप से कलेक्टेऊट नजारत अनुभाग में मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावण मास दिनांक 14.07.2022 प्रारम्भ हो गया है। श्रावण मास /कावंड मेला यात्रा के अवसर पर भारी संख्या में कांवडियों के जत्थों के रुप में जनपद में आगमन को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आस्थायी रुप से मेला नियंत्रण कक्ष कलेक्टेऊट (आई0सी0सी0सी0 कंट्रोल रुम) में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 0591-2412728 है, नियंत्रण कक्ष दिनांक 16.07.2022 से श्रावण मास की समाप्ति तक राउन्ड द क्लाक कार्य करेगा।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा जेल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कोतवाली क्षेत्र के जरगांव में पुलिस ने जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट के आरोपी को वारंट के आधार पर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जरगांव निवासी राजीव काफी समय से जानलेवा हमले व आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में आरोपी था। उसका अदालत से वारंट हो गया। वारंट के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की। पुलिस ने उसे जमालपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। दरोगा उत्तम कुमार सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0ए0च0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Bulldozer will run

The Supreme Court of the country has refused to pass any interim order on a petition seeking a stay on the bulldozer action in Uttar Pradesh. The petitioners had high hopes that the court's decision would come against the bulldozers, but it seems, the facts presented by them were not irrefutable. The court has given time till August 8 to file the reply and the hearing will take place on August 10. However, during Wednesday's hearing, a bench of Justices BR Gavai and PS Narasimha clearly said, "The rule must be followed." There is no dispute in this. If the construction is illegal as per the rules of the local body, then how can we order to stop it from being demolished.' This means that before taking bulldozer action, the governments should see the rules and regulations, because when every house There will be lawsuits against breaking, then the use of bulldozers will also be tested. The local bodies will have to make full preparations so that the government does not suffer in future."“The arguments presented by both the sides in the Supreme Court should be considered. Jamiat's lawyer has accused the government of 'selective action'. Senior advocate Dushyant Dave, appearing for Jamiat, said, "If someone is an accused in a crime, then the action of demolishing his house cannot be accepted in our society." We go by the rule of law.' It is generally said that the punishment for demolition is not justified, but the answer is that it is legal to demolish any illegal construction. Jamiat's lawyers see the bulldozer action from a communal angle, while the Uttar Pradesh government is looking at it from the point of view of illegal construction. The government's argument is that the bulldozer action is already underway, it has nothing to do with the recent stone pelting. On this basis, the Supreme Court has said that it cannot stop the one-time bulldozer action, as it will weaken the local bodies. Obviously, this will also give impetus to illegal construction. By the way, the use of bulldozers against illegal constructions is not new. In recent times, apart from Uttar Pradesh, bulldozers have also been used in Delhi, Gujarat, Madhya Pradesh, Karnataka, Maharashtra, West Bengal. Another notable argument has come up in the Supreme Court hearing. Jamiat's lawyer said that selective action is being taken against one community, in response to which Solicitor General Tushar Mehta said that there is no other community in the country. There is only one community, which we call Indians. Indeed, this answer deserves further promotion and publicity in the society. If the bulldozers are stopped, then only illegal construction will get a boost. There will hardly be any city where there will be no need for bulldozers. Apart from this, one thing to be noted in this overall controversy is that only people standing on legally strong grounds should come forward for any movement. The struggle against excesses of any kind requires the force of morality. It is the nature of power, it finds your weakness, so it is necessary that you conquer your weaknesses, justice will definitely be given.


## Kajol broke the silence about Bollywood, said - now in the industry, work is available on talent, not on 24 inches waist

Kajol is quite popular for her cool style. She boldly gives her opinion on every issue. Kajol has now praised the OTT platform and said that this platform has changed the game of many actors. Along with this, the actress also talked about the obsession regarding the physical appearance of Bollywood. Kajol said that earlier it was easy for films to be successful because cinema hall was the only medium of entertainment. However, the actress now feels that OTT has changed the game a lot. Many actors are getting exposure and today everyone has work. Kajol further said that there are many such great actors who got the stage and they are showing their talent when they get the platform. They are becoming stars on their own right even if their waist is not 24 inches or chest is not 36 or 46. Said on social media - Kajol, who is not very active on social media, said, earlier there were famous people who were seen on the big screen. Now you can be famous for anything, be it your hair style or nails. There are many ways to be famous today. The word fame itself has become very common these days. Kajol further said, 'Many people show their whole life on social media and do this for 24 hours. Half the time they are on screen and half the time they are on social media. However, later Kajol clears her words and says that she is not doing anything bad about this. It is a good thing that they divide their time and energy so much. But this also brings down the stardom. If you see someone on social media why would someone go to the screen to see you. Let us tell you about Kajol that recently she has celebrated the completion of 25 years of her film Gupt. It was the silver jubilee of the film in Mumbai in which she and Bobby Deol attended. Now Kajol is going to be seen in the film Salaam Venki. Earlier the name of the film was The Last Hurra.



## Mouni Roy wreaked havoc by wearing a sari worth 45 thousand, seeing the desi look, the fans lost their hearts

After making a splash on the small screen, Mouni Roy has also started setting foot in Bollywood. Due to her acting and looks, Mouni has gained tremendous fan following in a very short time. The number of people following him on Instagram is more than 20 million. Fans are eagerly waiting for his post. Recently, Mouni has shared some of her pictures in a traditional look which are becoming quite viral on social media. Wrecked in a red sari – Mouni has shared these pictures from her official Instagram account. In these photos, Mouni is seen wreaking havoc in a red sari. The actress has shared a total of six photos in this look, which her fans are very fond of. Known for her bold acts, people are praising this desi avatar of Mouni. In the photos, it can be seen that Mouni is carrying a heavily embroidered blouse on a simple red sari. It is being told that the price of this saree is more than 45 thousand rupees. Fans gave such reactions- The reactions of fans have started coming on these photos of Mouni. One user praised Mouni's look and wrote, 'You are looking very beautiful.' While another user wrote, 'Very beautiful photos Mouni.' Apart from this, most of the fans showered their love by making heart emoji. Will soon be seen on the big screen - After making a different identity in the world of TV, now Mouni is climbing new stairs of success in the Bollywood too. She will soon be seen in Ayan Mukerji's film 'Brahmastra'.



## दुष्कर्म की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत, दुष्कर्म की घटना में थाना मारहरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 106/22 धारा 376/452भादंवि में वांछित चल रहे अभियुक्त लक्ष्मी नारायण पुत्र हेतराम निवासी मोहल्ला चोबदार थाना मारहरा जनपद एटा उम्र करीब 31 वर्ष को आज दिनांक 14.07.2022 को मुखबिर की सूचना पर स्टेशन के पास पेड़ के नीचे से गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## प्राइमरी स्कूलों के बच्चों के मुफ्त में बनेंगे आधार कार्ड

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा एक से आठ तक) में पढ़ने वाले छात्र और छात्राओं का आधार कार्ड बनाने की पहल की है। प्रदेश की 8249 न्याय पंचायतों पर आधार बनवाने और उसे अपडेटडे कराने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। बच्चों को इस कार्य के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को यूनीफार्म, जूता जू -मोजा, स्वेटर व स्कूल बैग खरीदने के लिए पिछले वर्ष 1100 रुपये उनके अभिभावकों के बैंक खाते में भेजा गया है,इसके लिए सभी अभिभावकों के आधार कार्ड जांचने के बाद बच्चों के आधार जांचे जा रहे हैं। अब तक 1.90 करोड़ बच्चों में 1.25 करोड़ के आधार की जांच हो चुकी है, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि हर ब्लाक संसाधन केंद्र को दो-दो आधार नामांकन किट उपलब्ध कराई गई हैं लेकिन बच्चों की संख्या को देखते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने हर क्लस्टर पर आधार नामांकन कराने का निर्णय लिया है। सभी केंद्रों पर श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड शिविर लगाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों में बच्चों को आधार बनवाने व उसे अपडेटडे कराने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। शिविर में मशीनें,आपरेटर, इंटरनेट व अन्य हार्डवेयर व साफ्टवेयर सामग्री श्रीट्रान इंडिया की ओर से व परिसर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर अस्थायी होंगे।

## दवा प्रतिनिधि संघ के पुनः जिलाध्यक्ष बने प्रदीप




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज। उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन की बैठक में वर्ष 2022 के लिए जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से प्रदीप यादव को पुनः जिलाध्यक्ष बनाया गया। मुख्य अतिथि ने एसोसिएशन के आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही बताया कि 18 सितंबर को दवा प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर लखनऊ रैली में शामिल होंगे। दवा प्रतिनिधि संघ की बैठक एक रेस्टोरेंट में हुई। मुख्य अतिथि आगरा से आए सेंट्रल कमेटी के सदस्य सुनील चौहान चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप यादव ने की। बैठक में 2021 की सेक्रेटरी रिपोर्ट और ट्रेजरार रिपोर्ट चुनाव पर्यवेक्षक के सामने प्रस्तुत की गई।

चुनाव पर्यवेक्षक सुनील चौहान ने बताया कि 18 सितंबर को एक बार पुनः दवा प्रतिनिधि मांगों को लेकर लखनऊ की रैली में शमिल होंगें। जनपद के भी दवा प्रतिनिधियों को भी रैली में सम्मिलित होकर उसे सफल बनाना है। उन्होंने वर्ष 2022 की नई कार्यकारणी की भी घोषणा की। जिसमें सर्वसम्मति से कासगंज से दवा प्रतिनधि संघ के जिलाध्यक्ष पद पर पुनः प्रदीप यादव, सचिव राजेश वशिष्ठ, उपाध्यक्ष केके सक्सेना, सहसचिव शाहिद खान, कोषाध्यक्ष अरमान खान, कार्उसिल कंवेनर राहुल खरे बनाए गए। इसके अलावा अर्पित कुमार, सौरभ कुमार, आशीष सक्सेना, आतिफ जिलानी, अंकित कोहली, फैजान हाशमी सदस्य बनाए गए है।

## बरसात न होने से व्याप्त उमस भरी गर्मी ने सभी का किया जीना मुहाल

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती तराई में आषाढ़ मास के मेघ किसानों से रूठे रहे। इससे धान की रोपाई का कार्य पूरी तरह बाधित है। बरसात न होने से व्याप्त उमस भरी गर्मी ने सभी का जीना मुहाल कर रखा है। सावन में झमाझम होने की उम्मीद है।आषाढ़ के दौरान भी जिले में मौसम का पारा 40 डिग्री सेल्सियस पर कायम बना रहा। इस दौरान तेज धूप के बीच होती रही बादलों की आवाजाही के सभी को उमस भरी भीषण गर्मी से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में अघोषित तौर पर हो रही बिजली की कटौती सभी की परेशानी को दो गुना बढ़ा रही है। आषाढ़ मास में भी सुबह से ही आग उगल रही सूरज की तपिश से सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को उठानी पड़ रही है। आषाढ़ मास खत्म होने के बाद भी खेत खलिहान तो दूर ताल तलैया तक में पानी नजर नहीं आ रहा। इस कारण खेतों में लगी धान की नर्सरी व अन्य फसलें भी मुरझा रही है। धान की नर्सरी को बचाने के लिए किसानों को सिंचाई का सहारा भी नहीं मिल पा रहा। तराई क्षेत्र में सिंचाई के संसाधनों के अभाव से खेतों में लगी धान की नर्सरी सहित मक्का, मेंथा, लौकी तरोई व कद्दू की फसलें भी बर्बाद होने की कगार पर है।

## तीन मजदुर बिजली की केवल टूटकर मसीन पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल,उपचार के दौरान एक की मौत

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा। थाना क्षेत्र के गांव मीरापुर में लोकपाल के मकान का लेंटर डालने आए थाना कासगंज के गांव नारायनी के तीन मजदुर बिजली की केवल टूटकर मसीन पर गिर जाने से गंभीर घायल हो गए जिनमें उपचार के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई और दो का उपचार जारी है। मारहरा के गांव मीरापुर में लोकपाल के मकान का लेंटर डालने के लिए जिला एवं कोतवाली कासगंज के गांव नारायनी के सत्यप्रकाश पुत्र साहब सिंह 50 साल, राजू पुत्र नन्नू सिंह निवासी गण नारायनी एवं थाना मारहरा के गांव भुडिया निवासी अजय कुमार लेंटर डालने के बाद वापस जा रहे थे कि गांव मे ही लटक रही बिजली की केवल मसीन के चपेट मे आकर कट गई और तीनों मजदूर करंट लगने से गंभीर घायल हो गए जिनमें सत्य प्रकाश शर्मा की उपचार के दौरान मौत हो गई वही अन्य दोनों घायलों का उपचार जारी है। अभी तक घटना की कोई तहरीर थाना मारहरा में किसी के द्वारा नहीं दी गई है।

## पॉश कॉलोनी अरुणा नगर में बाइक सवारों ने की चेन स्नैचिंग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पॉश कॉलोनी अरुणा नगर में बाइक सवारों ने की चेन स्नैचिंग, बदमाश घटना को अंजाम देते हुए छ्ष्टह्लङ्क कैमरे में हुए कैद,दोनों नीले अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने चैन लूटकर हुए फरार,चैन स्नेचिंग की सूचना पर मौके पर तत्काल पहुंची कोतवाली नगर पुलिस पीड़िता महिला आंखों के डॉक्टर ललित गुप्ता के सामने जा रही थी पैदल, गमी से लौटते वक्त महिला की तोड़ी गई चैन, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवारों की तलाश में जुटी पुलिस।

## बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाली अपहृता को सकुशल किया बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सकरौली पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.07.2022 को मु0अ0सं0 132/2022 धारा 363, 366 भादवि में बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाली अपहृता को सकुशल बरामद कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, बालिका सकुशल बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना बागवाला पुलिस को मिली सफलता, बागवाला पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना में वांछित चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार, बालिका सकुशल बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बागवाला पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.07.2022 को मु0अ0सं0 125/2022 धारा 363, 366 भादवि में वांछित चल रहे दो अभियुक्त 1. सुखवीर पुत्र राजबहादुर निवासी काकन चौराहा मजरा ग्राम बाँक थाना करहल जनपद मैनपुरी व 2. सुमित पुत्र बिजेन्द्र निवासी मौहल्ला बसन्त बिहार कस्बा व थाना सोरों जनपद कासगंज को नाबालिग बालिका के साथ मुखबिर की सूचना पर अहमदाबाद चौराहा मोड़ से करीब 50 मीटर आगे थाना बागवाला जनपद एटा से समय 10.30 बजे गिरफ्तार व बालिका को सकुशल बरामद कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# किसानों की समस्याओं पर गरजी भाजपा, ओड़गी बस स्टैंड पर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी-खेती-किसानी के समय में किसानों को खाद, बीज सहित अनेक प्रकार की समस्याओं से सामना करना पड़ रहा है। इन मुद्दों को लेकर एक ओर जहां किसान सड़कों पर उतरकर सरकार के विरूद्ध अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं, वहीं भाजपा द्वारा किसानों के मुद्दों को लेकर गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय ओड़गी में धरना-प्रदर्शन किया गया। ओड़गी बस स्टैंड पर भाजपा व सभी मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्यों ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया है कि राज्य सरकार किसानों को जबरदस्ती गोबर खाद देना बंद करें।सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को डीएपी, यूरिया खाद तत्काल प्रदान करने की मांग की है। किसानों के प्रति वर्तमान राज्य सरकार चिंतित नहीं है। किसानों को खाद उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हुई है। वर्तमान में कई किसान धान फसल की बोआई कर चुके हैं। इस समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए ओड़गी तहसीलदार को तत्काल खाद यूरिया उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।


घंटों तक रहा चक्का जाम,बड़ी संख्या में पुलिस बल रहें तैनात



### मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी जमकर गरजे

ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कांग्रेस निकम्मी सरकार पर जमकर गरजे । तिवारी ने कहा कांग्रेस की सरकार ने पूरी तरह से किसानों को ठगने का काम कर रहीं हैं चाहे धान बेचने की बात हो या खाद उपलब्ध करने की बात हो । सभी में फेल नजर आ रही है। किसान पूरी तरह से हतास व निराश है।

### भारी संख्या में उपस्थित रहे किसान

इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। जहां पर किसानों का गुस्सा फूटा । इस मौके पर लवकेश पैकरा ,सूर्य प्रताप सिंह, संतोष सिंह, प्रवीण गुर्जर,अशोक गुप्ता आशीष प्रताप सिह नधिर पैकरा मुन्नीलाल पैकरा राजेश, संधारि यादव ,शिवकुमार राजवाड़े ,बृजेश काशी मुख लाल राजवाड़े रामबरन राजवाड़े, ,श्याम लाल गुर्जर, नीरज गुर्जर, ,मोहन राम राजवाड़े ,अरुण सिंह,अवधेश प्रताप सिंह आशीष गुर्जर सुधीर चौबे केशव सिंह नरेंद्र गुर्जर ,ऋषिराज गुर्जर, कुणाल सिंह शिवलाल गोपाल राम संतोष सिंह शिवनंदन अशोक कुमारसुखलाल, लालमन ,राजलाल,रामनारायण, सुरेश कुमार भूपेंद्र कुमार भारती ,रमेश कुमार सोनी अरविंद कुमार देवांगन दिलबरन सिंह रमेश सोनी कुंजलाल पारस राम साहू प्रेमचंद देवांगन विकास गुर्जर लालमन सिंह संदीप देवचंद, राजेन्द्रराजवाड़े, दिलभरण,गिरसाय पैकरा,सशांक सिंह, शैलेन्द्र, विजय विश्वरंजन गुर्जर विभीषण यादव जितेंद्र यादव प्रियंशु यादव इन्दर यादव सतेंद्र गुर्जर अवधेश सिंह बृजेश काशी भूपेंद्र भारती अजेन्द्र गुर्जर अशोक यादव सोहन? राम कुर्रे, दुर्गा गुप्ता, विजय कुमार नागवंशी, हरदयाल ,उमेश्वर गुर्जर ब्रिजराज गुर्जर अनित गुर्जर परसराम ओमिश जायसवाल बागेश्वर रामबुलारक सुमेरसाय रामरतन देवचंद हरदेव सिह संदीप फेकलु राम अगरसाय लालसय उजित शिवलाल गोपाल सुरेश कुमार गुलाबचंद राधेस्यम महेबर व सैकड़ों कार्यकर्त्ता व किसान भाई उपस्थित रहे।

# शासन की मंशानुसार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन हुआ सख्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शासन की मंशानुसार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासत सख्त हुआ है। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार ने सूचित किया है कि 14 जुलाई से प्रारंभ हुए श्रावण मास में पड़ने वाले त्योहारों को दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु कलक्ट्रेट में कन्ट्रोलरूम की स्थापना की गई है। अपर जिलाधिकारी ने कन्ट्रोलरूम में रविवार 17 जुलाई, सोमवार 18 जुलाई से 12 अगस्त तक पड़ने वाले प्रत्येक रविवार, सोमवार की रात्रि में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। एडीएम के आदेशानुसार नवीन कुमार कनिष्ठ सहायक अधिशासी अभियंता सिंचाई कार्यालय को प्रत्येक रविवार की सांय 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गजेन्द्र सिंह विपणन सहायक जिला खाद्य विपणन कार्यालय को प्रत्येक रविवार की सांय 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक, रतेन्द्र प्रधान सहायक जिला कृषि रक्षा इकाई कार्यालय को प्रत्येक सोमवार को सांय 8 बजे प्रातः 8 बजे तक एवं अनुराग सिंह कनिष्ठ सहायक सीवीओ कार्यालय को प्रत्येक सोमवार की सांय 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक के लिए तैनात किया है। एडीएम प्रशासन के आदेशानुसार बांके बिहारी वरिष्ठ सहायक सेवायोजन कार्यालय को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक एवं नीलेन्द्र प्रतापसिंह कनिष्ठ सहायक उपायुक्त उद्योग कार्यालय को दोपहर 2 बजे से सांय 8 बजे तक के लिए तैनात किया है। संबंधित कर्मचारीगण अपने ड्यूटीस्थल पर समय से उपस्थित रहकर सौंपे दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। किसी भी प्रकार की कोताही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे- knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# बिहारपुर नवाटोला, कुबेरपुर में अवैध खाद भंडारण पर तहसीलदार बिहारपुर टीम की बड़ी कार्रवाई

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश पर ग्राम नवाटोला एवं कुबेरपुर तहसील बिहारपुर में अवैध रूप से खाद भण्डारण की सूचना पर 13 जुलाई को तहसीलदार बिहारपुर श्री संजय शर्मा के नेतृत्व में खाद गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां ग्राम नवाटोला के खाद विकेता प्रेमलाल के गोदाम में 79 बोरी डी.ए.पी. खाद बिना किसी वैध दस्तावेज के प्राप्त हुआ जिसे जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की गई है। इसी तरह ग्राम कुबेरपुर में भी मोतीलाल यादव के खाद दुकान से 700 बोरी ( 35 टन ) अन्नदाता जीबो खाद बिना किसी वैध दस्तावेज के प्राप्त हुआ जिसे जब्त कर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में तहसीलदार संजय शर्मा



■ 79 बोरी डी.ए.पी. खाद एवं 700 बोरी अन्नदाता जीबो खाद बिना किसी वैध दस्तावेज के कारण किया गया जब्त
■ कलेक्टर ने खाद, बीज एवं कीटनाशक की कालाबाजारी को रोकने तथा गुण नियंत्रण हेतु की टीम गठित

बिहारपुर, कमला प्रसाद यादव राजस्व निरीक्षक, श्री भरतराम पैकरा पटवारी, श्री ओमप्रकाश पटवारी, श्री शशिकांत पैकरा ग्रा.कृ.वि.अ, श्री मोतीलाल आरक्षक थाना बिहारपुर का विशेष सहयोग रहा। गौरतलब है कि कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने जिले में कृषकों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, विक्रय प्रतिस्थानों का निरीक्षण करने, खाद, बीज एवं कीटनाशक की कालाबाजारी को रोकने तथा गुणनियंत्रण हेतु उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985, बीज अधिनियम 1966 एवं कीटनाशी अधिनियम 1968 ( नियम 1971 ) के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का संयुक्त रुप से विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसमें सूरजपुर से दल प्रभारी संजय राठौर तहसीलदार, निरजकांत तिवारी, सहायक दल प्रभारी एनपी सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, अनिल सोनी कृषि विकास अधिकारी, भैयाथान से ओपी सिंह तहसीलदार, सहायक प्रभारी दल अधिकारी अशोक कुमार सोनवानी, वरिष्ठ कृषि अधिकारी, ओड़गी से सालिक राम गुप्ता तहसीलदार, संजय शर्मा तहसीलदार बिहारपुर, सहायक दल प्रभारी अधिकारी राजेश चौधरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केके सिंह, कृषि विकास अधिकारी को नियुक्त किया गया है। इसी तरह रामानुजनगर से उमेश कुशवाहा तहसीलदार, सहायक दल प्रभारी प्रफुल्ल गुप्ता वरिष्ठ कृषि अधिकारी, प्रेमनगर से अमृता सिंह तहसीलदार, सहा. दल प्रभारी अधिकारी आरएल भारिया सहा. संचालक कृषि एवं प्रतापपुर से प्रतिक जायसवाल तहसीलदार, तेजूप्रसाद यादव, सहा. दल प्रभारी अधिकारी अनिल कुमार वर्मा अनु. कृषि अधिकारी तथा शिवशंकर प्रसाद यादव वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को नियुक्त किया गया है।